# अपील



**श्री शिव प्रताप शुक्ल**

राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश

प्रिय प्रदेशवासियों,

हिमाचल प्रदेश टी.बी. रोग उन्मूलन की दिशा में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी राज्य के रूप में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। टी.बी. रोग का नियंत्रण एवं उन्मूलन मात्र किसी एक विभाग अथवा संस्था का दायित्व नहीं है, अपितु समस्त जनमानस की सामूहिक भागीदारी का प्रतिफल है।

यद्यपि स्वास्थ्य विभाग द्वारा टी.बी. रोगियों की प्रारंभिक पहचान कर वैज्ञानिक व उपचारात्मक पद्धति से संक्रमण नियंत्रण में उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है, फिर भी टी.बी. रोगियों को उचित पोषण, मानसिक व सामाजिक सहायता की भी अत्यंत आवश्यकता होती है। **" टी.बी. मुक्त भारत अभियान"** के अंतर्गत आरंभ की गई "निक्षय मित्र" पहल इसी भावना से प्रेरित है, जिसके तहत समाज के विभिन्न वर्ग टी.बी. रोगियों को गोद लेकर उन्हें पोषण और भावनात्मक सम्बल प्रदान करते हैं। यह एक पुनीत और जनकल्याणकारी कार्य है। प्रदेश को टी.बी. मुक्त बनाने के इस लक्ष्य की पूर्ति हेतु भारत सरकार द्वारा टी.बी. मुक्त भारत अभियान प्रारंभ किया गया है, जिसका उद्देश्य देश एवं प्रदेश को टी.बी. संक्रमण से मुक्त करना है।

इस दिशा में आगे बढ़ते हुए, मैं आप सभी प्रदेशवासियों से आग्रह करता हूँ कि इस जनभागीदारी अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें, **"निक्षय मित्र"** बनें और अपने क्षेत्र में टी.बी. रोगियों को गोद लेकर उन्हें पोषण, प्रोत्साहन एवं आवश्यक सहायता प्रदान करें। निक्षय मित्र समाज के किसी भी वर्ग–गणमान्य नागरिक, कॉर्पोरेट संस्थाएं, धार्मिक प्रतिनिधि, स्वयंसेवी संगठन, चुने हुए जन प्रतिनिधि या कोई भी आम नागरिक बन सकता है।

टी.बी. रोग का ईलाज पूर्णत: संभव है। आईये ! हम सब मिल कर समाज , देश व प्रदेश को टी.बी. मुक्त बनाने में सहयोग करें।

**"टी.बी. हारेगा – प्रदेश जीतेगा- देश जीतेगा"**

राज्यपाल
हिमाचल प्रदेश

TOLL FREE
अधिक जानकारी के लिए टोल-फ्री न0.
**104 या 0177-2625782**
पर संपर्क करें